-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 31.03.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना चिल्ला पुलिस द्वारा अवैध गांजे की बिक्री करने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से 1200 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा जनपद बांदा को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अवैध मादक पदार्थो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान **"ऑपरेशन ईगल"** के क्रम में थाना चिल्ला पुलिस द्वारा अवैध गांजे की बिक्री करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब हो कि थाना चिल्ला पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना चिल्ला क्षेत्र के ग्राम अतरहट से एक अभियुक्त को अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक साफी/गमछे में बधे 1200 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ है।

बरामदगी-

- 1200 ग्राम अवैध सूखा गांजा।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. शिवदर्शन पुत्र भइयालाल निवासी अतरहट थाना चिल्ला जनपद बांदा।

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0- 47/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना चिल्ला जनपद बांदा।

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण-

1. श्री रामू सिंह चौकी प्रभारी पपरेंदा
2. उ0नि0 श्री संतोष कुमार सिंह
3. कां0 नारेन्द्र कुमार
4. कां0 सचिन कुमार